महत्वपूर्ण एवं खास

शुष्क हवाओं से प्रदेश में आज-कल में 2-3 डिग्री गिर सकता है न्यूनतम तापमान

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश में शुष्क हवाओं का आगमन प्रारंभ हो गया है जिसके कारण प्रदेश में मौसम शुष्क रहने लगा है। शुष्क हवाओं के कारण आज-कल में प्रदेश में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान में और गिरावट आ सकती है। मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि प्रदेश में अधिकतम तापमानों में विशेष परिवर्तन नहीं होने की सम्भावना है। न्यूनतम तापमान में 06 और 07 नवम्बर को 2-3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट होने की सम्भावना है। उसके बाद न्युनतम तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं होने की संभावना है।

मुठभेड़ में 5 लाख का इनामी प्लाटून नंबर 16 का सेक्शन कमांडर ढेर

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिले के बारसूर थाना क्षेत्र अंर्तगत गुमलनार वेगनार के जंगल में डीआरजी के जवानों के साथ शुक्रवार शाम 05 बजे हुई मुठभेड़ में एक नक्सली का शव बरामद किया गया है। मृत नक्सली की पहचान 05 लाख रुपए का इनामी प्लाटून नंबर 16 का सेक्शन कमांडर रामसू निवासी मर्दापाल जिला कोंडागांव के तौर पर हुई है। मुठभेड़ के बाद सर्चिंग में मौके से 7.2 एमएम पिस्टल डेटोनेटर टिफिन बम वायर पिट्ठू व अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद किया है। मौके पर पाए गए खून के धब्बे से और भी नक्सलियों के घायल होने की संभावना है। दंतेवाड़ा एसपी अभिषेक पल्लव ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मारा गया नक्सली कमांडर रामसू वर्ष 2009 से सक्रिय था, वह कई बड़ी वारदातों में शामिल रहा है, हमेशा इंसास राइफल लेकर चलता था। सभी जवान मुठभेड़ के बाद रात में मारे गये नक्सली का शव बरामद कर कैंप लौटे।

तीन बम को एक साथ जोड़कर फोड़ने से, बच्चों के साथ फुलझड़ी जला रही महिला बुरी तरह झुलसी

» आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी के मौदहापारा में लक्ष्मी पुजा की रात एक व्यक्ति की लापरवाही पूर्वक बम पटाखा फोड़ने की वजह से अपने घर के बाहर बच्चों के साथ फुलझडी जला रही महिला पटाखा के विस्फोट की चपेट में आ गई,इससे वह बुरी तरह से झुलस गई है। महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारीके मुताबिक रजबंधा मैदान एमजे गैराज के बाजू मौदहापारा निवासी सैय्यद जुबेद अली 30 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि लक्ष्मी पुजा को रात्रि करीबन 08/30 बजे प्रार्थी की चचेरी बहन आश्विन अपने बच्चों के साथ घर के आंगन के बाहर में फुलझडी जला रही थी उसी समय सईद उर्फ सईदू निवासी मौदहापारा अपने हाथ में तीन बम फटाखो को एक साथ जोडकर फोड़ दिया। फटाखा विस्फोट होते ही महिला उसकी चपेट में आ गई व उसका चेहरे का भाग सिर, छाती तथा दोनों हाथ बुरी तरह से झुलस गया।

सेल्फी के पेड़ से गिरने से युवक की हालत गंभीर

जगदलपुर (आरएनएस)। जिले के तोंगपाल थाना क्षेत्र अंर्तगत ग्राम कुन्ना के पटेलपारा में एक युवक मुका सल्फी के पेड़ से गिरकर घायल हो गया जिसे 108 की मदद से अस्पताल पंहुचाया गया, घायल युवक की हालत नाजुक बनी हुई है। सूचना पर पंहुचे संजीवनी एक्सप्रेस 108 से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तोंगपाल में भर्ती कराया गया जहां उसके इलाज के उपरांत गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे उचित इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज डिमरापाल रिफर किया गया, जहां उपचार जारी है।

महिला व उसके पड़ोसी का शव घर के बाहर मिला, जांच में जुटी पुलिस

सुरजपुर (आरएनएस)। सूरजपुर में दिवाली की रात एक महिला और उसके पड़ोसी की हत्या कर दी गई। दोनों के शव शुक्रवार सुबह घर के बाहर पड़े मिले हैं। ऐसे में पुलिस को अवैध संबंधों के चलते हत्या की आशंका है। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं संदेह के आधार पर महिला के पति से पूछताछ की जा रही है। मामला कोतवाली क्षेत्र का है। ग्राम जोबगा निवासी धनसो बाई (50) और शिव प्रसाद (45) के मकान आमने-सामने हैं। शुक्रवार सुबह ग्रामीण उधर से निकले थे तो महिला का शव घर के बाहर पड़ा हुआ था। शिव प्रसाद का शव भी उसके घर के बाहर खाट पर पड़ा था। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस के साथ ही डॉग स्क्वॅयड और फ रेंसिक टीम पहुंच गई है।पुलिस ने बताया कि युवक शिव प्रसाद के सिर पर चोट के निशान मिले हैं। आसपास खून बिखरा हुआ था। अभी तक हत्या का कारण स्पष्ट नहीं है। महिला के पति से पूछताछ की जा रही है।

स्वावलंबी गांव के सपने को साकार करने के लिए हरित क्रांति के साथ-साथ श्वेत क्रांति जरूरी- मुख्यमंत्री

» मुख्यमंत्री का प्रदेशवासियों से बड़ा आह्वान

» गौ माता की सेवा और चारे के लिए किसानों से पैरा दान की अपील

» गोवर्धन पूजा के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण ने हमें एकजुटता और प्रकृति की पूजा का दिया संदेश

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वावलंबी गांव की परिकल्पना को साकार करने के लिए छत्तीसगढ़ को हरित क्रांति के साथ-साथ श्वेत क्रांति क्रांति की दिशा में आगे बढ़ना होगा । उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा कृषि को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, किसानों की कर्ज माफी और राजीव गांधी किसान न्याय योजना से लोगों का खेती - किसानी की ओर रुझान बढ़ा है। गांव -गांव में गौठानों के निर्माण और गोधन न्याय योजना के सफल क्रियान्वयन से छत्तीसगढ़ में बरसात की फसल सुरक्षित हो गई है । अब हमें दूसरी फसल उतेरा और उन्हारी को भी सुरक्षित करना होगा। इसके लिए जरूरी है कि गांव के राउत फागुन -तेरस तक गाय चराने और रोका छेका को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए काम करें। मुख्यमंत्री आज यहां अपने निवास में गोवर्धन पूजा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोवर्धन पूजा के माध्यम से भगवान श्री कृष्ण ने हमें संगठित रहने और प्रकृति की पूजा का संदेश दिया है। यदि हम एकजुट रहेंगे, तो बड़े से बड़े संकट से पार पा सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि खेती -किसानी को बढ़ावा देने की राज्य सरकार की योजनाओं से प्रदेश में किसानों की संख्या और खेती का रकबा बढ़ा है। समर्थन मूल्य पर धान बिक्री के लिए रजिस्ट्रेशन कराने वाले किसानों की संख्या 15 लाख से बढ़कर 22 लाख हो गई है। इसी तरह खेती का रकबा 22 लाख हेक्टेयर से बढ़कर लगभग 28 लाख हेक्टेयर हो गया है। उन्होंने कहा कि गोधन न्याय योजना से पशुपालकों को बड़ा सहारा मिला है। गोवर्धन पूजा को हम आज राज्य में गौठान दिवस के रूप में मना रहे हैं । छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है, जो ग्रामीणों और पशुपालकों से दो रुपए किलो में गोबर खरीद रहा है। राज्य सरकार की इस योजना ने पशु पालकों और गोबर संग्राहकों से अब तक 55 लाख क्विंटल गोबर की खरीदी की है और दो रुपए किलो की दर से पशुपालकों के खाते में लगभग 110 करोड रुपए की राशि का भुगतान किया है। उन्होंने कहा कि इस योजना से डेयरी उद्योग को बढ़ावा मिलने लगा है। गौठानों में गोबर की खरीदी से वर्मी कंपोस्ट एवं अन्य उत्पाद तैयार करने के साथ-साथ विभिन्न आय मूलक गतिविधियों से हमारी महिला समूह की बहनों ने 80 -90 करोड़ की आय अर्जित की है। वर्मी खाद के उपयोग से फसल की स्थिति अच्छी हुई है । हम जैविक खेती की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में रासायनिक खाद को लेकर मारामारी मची हुई है। किसान हलाकान और परेशान हैं। सोसायटियों में रासायनिक खाद न मिलने से वहाँ लड़ाई हो रही है। हमारे राज्य रासायनिक खाद की कमी को हमने वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग कर पूरा किया है। उन्होंने कहा कि यदि हम वर्मी कंपोस्ट का ज्यादा से ज्यादा उत्पादन और उपयोग करने लगे, तो राज्य के किसान भाइयों को रासायनिक खाद की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि प्रदेश में प्रति दिन ढाई लाख लीटर दूध की जरूरत है,जब कि उत्पादन कम है। डेयरी उद्योग को बढ़ावा देकर इस कमी को पूरा करने के लिए श्वेत क्रांति की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में दूध का उत्पादन बढ़ाकर हम आंगनबाड़ियों, प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं के बच्चों को दूध उपलब्ध कराकर कुपोषण को दूर करने में सफल हो सकेंगे । श्वेत क्रांति से स्वस्थ छत्तीसगढ़ के सपने को पूरा किया जा सकता है।

छह इनामी नक्सलियों के साथ 8 नक्सली गिरफ्तार

सुकमा (आरएनएस)। जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत चिंतलनार थाना क्षेत्र अंर्तगत मोरपल्ली इलाके में सर्चिंग के दौरान कोबरा 201 वाहिनी और जिला बल की संयुक्त टीम ने नक्सलियों के बटालियन सदस्य, मिलिशिया कंपनी कमांडर से लेकर डीएकेएमएस अध्यक्ष रैंक के 06 इनामी नक्सलियों सहित 08 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों के पास से डेटोनेटर, आईईडी और नक्सल सामग्री बरामद हुआ है। थाना चिंतलनार में कार्यवाही के उपरांत आज न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से सभी 08 नक्सलियों को जेल दाखिल कर दिया गया है। गिरफ्तार नक्सलियों में 08 लाख का इनामी बाटालियन सदस्य कवासी राजू और 05 लाख का इनामी एरिया कमेटी मेंबर कलमू माड़ा एवं एक लाख का इनामी डीएकेएमएस अध्यक्ष कोमराम कन्ना, एक लाख का इनामी मिलिशिया कमांडर मड़कम हिड़मा, एक लाख का इनामी डीएकेएमएस अध्यक्ष तुरसम मुदराज और एक लाख का इनामी सीएनएम कमांडर मड़कम के अलावा मड़कम सोमा और मड़कम मुत्ता शामिल है। गिरफ्तार नक्सलियों के पास बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद हुई है, जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि नक्सली किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के फिराक में थे। नक्सली कलमू माड़ा के पास से एक नग बैटरी, 08 नग डेटोनेटर, दो नग जिलेटिन रॉड, एक नग आईईडी, कोर्डेक्स वायर, मड़कम मुत्ता के कब्जे से तीन नग डेटोनेटर, दो मीटर इलेक्ट्रिक वायर, कवासी राजू के पास से 05 नग डेटोनेटर, एक मीटर इलेक्ट्रिक वायर, कोमराम कन्ना के कब्जे से 04 नग डेटोनेटर, मड़कम सोमा के कब्जे से 05 नग डेटोनेटर, कोर्डेक्स वायर, तुरसम मुदराज के कब्जे से 04 नग जिलेटिन रॉड व कोर्डेक्स वायर, मड़कम ऐंका के पास से तीन नग डेटोनेटर व इलेक्ट्रिक वायर बरामद किया गया।

सुकमा एसपी सुनील शर्मा ने बताया कि चिंतलनार इलाके में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर थाना चिंतलनार से कोबरा 201 वाहिनी और जिला बल की संयुक्त पार्टी रवाना हुई। ग्राम मोरपल्ली, तिम्मापुरम, पेद्दाबोड़केल, चिन्नाबोड़केल और जब्बागट्टा के आसपास इलाके की सर्चिंग के दौरान मोरपल्ली से घेराबंदी कर 08 नक्सलियों को गिरफ्तार कर बडी मात्रा में विष्फोटक और नक्सल सामग्री बरामद किया गया है।

शिक्षक को गाली मारकर कर दी हत्या, जांच में जुटी पुलिस

बीजापुर (आरएनएस)। बीजापुर जिले में बदमाशो ने शिक्षक की गोली मारकर हत्या कर दी है। घटना बुधवार-गुरुवार देर रात की है। मामला नेलसनार थाना क्षेत्र का है। नक्सलियों ने इस घटना को अंजाम दिया है या हत्यारा कोई और है फिलहाल इस मामले की जांच करने पुलिस जुटी हुई है। इधर शिक्षक की हिस्ट्री भी खंगाली जा रहा है। जानकारी के अनुसार, बीजापुर जिले के भैरमगढ़ की एक स्कूल में पदस्थ शिक्षक महेंद्र तर्मा देर रात अस्पताल के सामने अपने अन्य साथियों के साथ कार में बैठा हुआ था। उसी समय बाइक से 2-3 नकाबपोश लोग पहुंचे। उन्होंने शिक्षक के साथ कार में बैठे 3 लोगों को पहले बाहर निकाला। फिर देसी कट्टा से शिक्षक को गोली मार कर भा गए। शिक्षक के साथियों ने फैरन इस घटना की सूचना नेलसनार थाना में दी। मौके पर पहुंचे जवानों और अन्य लोग घायल शिक्षक को अस्पताल लेकर आए।

राजधानी के अलग-अलग स्थानों पर दो मर्डर, जांच में जुटी पुलिस



रायपुर (आरएनएस)। रायपुर में लक्ष्मी पुजा की रात व उसके दूसरे दिन शुक्रवार की रात को दो अलग-अलग इलाकों में 24 घंटे के अंदर 2 लोगों की हत्या कर दी गई। शुक्रवार की रात शहर के मठपारा इलाके में गौरा-गौरी विसर्जन के दौरान हुए विवाद में एक बदमाश ने एक युवक की जान ले ली। सरे आम मोहल्ले वालों की आंखों के सामने चाकू मारकर लोकेश साहू नाम के युवक की हत्या कर दी गई। इस वारदात को अंजाम देने वाले युवक का नाम शिबू बताया जा रहा है। खबर है कि पुलिस ने इसे हिरासत में ले लिया है।

मठपारा के चौक से शुक्रवार की रात गौरी-गौरा विसर्जन के लिए मोहल्ले से लोग छोटी रैली निकालते हुए आगे बढ़ रहे थे। चश्मदीदों के मुताबिक शिबू नाम का युवक इस बीच आकर डांस करने लगा। उसने अपने दोनों हाथ में चाकू ले रखे थे। इन चाकुओं को लहराते हुए शिबू डांस कर रहा था। ग्रुप में मौजूद लोकेश ने शिबू को टोका। उसने कहा कि चाकू लेकर यहां न आए। इसी बात पर दोनों के बीच झगड़ा शुरू हो गया। शिबू ने दोनों हाथ में रखे चाकू से लोकेश पर हमला किया। उसके पेट में चाकू घुसा दिया, एक के बाद एक कई वार किए। घबराए लोगों ने चीखना-चिल्लाना शुरू कर दिया। लोकेश वहीं गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई।

इसके बाद शिबू भागने की कोशिश करने लगा। मोहल्ले के कुछ लड़कों ने उसे पकड़ा और पुलिस को खबर दी। मौके पर पहुंची टिकरापारा थाने की टीम ने शिबू को हिरासत में लिया है और पूछताछ कर रही है। वहीं टिकरापारा इलाके में ही दिवाली की रात एक युवक हरीश ध्रुव की हत्या कर दी गई। चाकू के वार से युवक की जान ली गई। मृतक के दोस्त ने ही उसकी हत्या की थी। मामले में टिकरापारा थाने की पुलिस ने बदमाश के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। घटना के बाद से बदमाश युवक फरार है। पुलिस को उसकी तलाश है। जब वारदात हुई मोहल्ले में लोग दिवाली की पूजा के बाद चौराहे पर जमा थे। तभी दोनों युवकों में पैसों के लेन देन की बात को लेकर झगड़ा शुरू हो गया था। अचानक बदमाश वासू तांडी ने चाकू से हमलाकर अपने ही दोस्त की हत्या की थी और भाग निकला।

जमीन विवाद को लेकर ग्रामीण की हत्या के 5 आरोपी गिरफ्तार एक फरार

» हत्या के 06 आरोपियों ने परिवार के सामने ही पीट-पीट कर दी हत्या

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिले के कुआकोंडा थाना क्षेत्र के ग्राम पालनार में जमीन विवाद के चलते हत्या के 06 आरोपियों शंकर, चैतू, नंदा, जोगा, रमेश, नंदा कडती ने मृतक वेल्ला को उसके घर से निकाल कर परिवार के सामने ही पीट-पीट कर उसकी हत्या कर दी, दो दिन बाद कुआकोंडा थाने में रिपोर्ट लिखवाने के बाद आज हत्या के 05 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार हत्या के आरोपियों ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि उनका मृतक से जमीन का विवाद था और मृतक जादू-टोना भी करता था, इसलिए उसकी हत्या कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक और हत्या के सभी आरोपी आपस में रिश्तेदार हैं, 03 नवंबर की रात को हत्या को अंजाम देने के बाद से परिवार के सदस्यों ने दहशत में इसकी रिपोर्ट थाने मे दर्ज नहीं करवाई। अगले दिन 04 नवंबर को मृतक का अंतिम संस्कार बिना पुलिस को सूचना दिए कर दिया गया। दहशत के बीच 05 नवंबर को हत्या का मामला दर्ज कराने मृतक का पुत्र लखमा कड़ती कुआकोंडा थाने पहुंचा, इसके बाद थाने में मामला दर्ज किया गया। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने हत्या के पांच आरोपियों को आज गिरफ्तार कर लिया है, वहीं एक आरोपी फरार है। कुआकोंडा थाना प्रभारी खोमन भंडारी ने बताया कि हत्या के पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिए गया है, जल्द ही एक फरार आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

रोड एक्सीडेंट में 2 की मौत 3 घायल, जांच में जुटी पुलिस

रायपुर (आरएनएस)। दीपावली का कपड़ा खरीदने जा रहे बाइक सवार युवकों को तेज रफ्तार मोटरसाकिल ने सामने से टक्कर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा दो लोग घायल हो गए।वहीं खरोरा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई व बाइक के पीछे बैठा व्यक्ति घायल गया,मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने वाहन चालकों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

मिली जानकारी के मुताबिक 04 नवंबर को ललित ललित यादव बाइक से अपने दोस्त नेमचंद साहू ऊर्फ नानू एव खिलेन्द्र साहू के साथ ग्राम भिभोरी से उरला बिरंगाव के साथ कपडा खरीदने ग्राम पठारीडीह जा रहे थे तभी एचपी पेट्रोल पंप के पास उरला तरफ से आ रही मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 07बीएच 3688 का चालक ने पंकज निषाद लापरवाही पूर्वक वाहन चालाते हुए एक्सीडेंट कर दिया। जिससे ललित यादव के सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई तथा नेमचंद साहू एवं खिलेन्द्र साहू के सिर मे बांए पैर मे हाथ मे चोट आया है जिसे उपचार के लिए मेकाहारा अस्पताल भर्ती किया गया। जांच के बाद पुलिस ने मोटरसाइकिल क्रमाक सीज 07बीएच 3688 के चालक पंकज निषाद खिलाफ अपराध धारा 279,337,304 ए भादवि का अपराध पाए जाने से जांच पश्चात अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया है।

इसी तरह बालाजी राईस मील के पास केवराडीह खरोरा में सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक शाम 5:40 बजे तामेश्वर कुर्रे एवं गंगाराम मांडले अपनी बाइक सीजी 04 केएस 3952 से खरोरा से केवराडीह जा रहे थे तभी बालाजी राईस मील के पास केवराडीह कोई अज्ञात वाहन के द्वारा सक्सीडेंट कर देने से दोनो मोटर सायकल सहित गिर गए। जिससे गंभीर चोट लगने पर उन्हें 108 वाहन द्वारा शासकीय अस्पताल खरोरा ले जाया गया। अस्पताल में डाक्टर द्वारा चेक करने पर तामेश्वर कुर्रे की मौत हो जाना बताया गया।वहीं दूसरा व्यक्ति घायल है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनतमपूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा समर्थक हेतु नं० 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुश सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी तकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं तकनीकी तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को प्रत्येक कार्यवाही एवं प्रक्रियाओं के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा तकनीकि शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU